# हिन्दी

Set-7 : 2017
801 AG

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1
   (i) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी श्रेष्ठ संस्मरण लेखक हैं।
   (ii) 'तारसप्तक' का सम्पादन सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' ने किया है।
   (iii) 'गुनाहों का देवता' उपन्यास के लेखक प्रेमचन्द हैं।
   (iv) गुलाबराय प्रसिद्ध कवि हैं।
   (ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1
   (i) नर से नारायण (ii) भूतनाथ
   (iii) साहित्यावलोकन (iv) बाणभट्ट की आत्मकथा
   (ग) हिन्दी के दो प्रसिद्ध उपन्यासकारों के नाम लिखिए। 1
   (घ) किसी एक 'यात्रावृत्त' लेखक का नाम लिखिए। 1
   (ङ) 'पथ के साथी' किस विधा की रचना है। 1
2. (क) रीतिकाल की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए। 2
   (ख) 'प्रगतिवाद' की दो विशेषताएँ लिखिए। 2
   (ग) किसी एक छायावादी कवि का नाम लिखिए। 1
3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2+2=6
   (क) चिन्ता को लोग चिता कहते हैं। जिसे किसी प्रचण्ड चिन्ता ने पकड़ लिया है, उस बेचारे की जिन्दगी खराब हो जाती है। किन्तु ईर्ष्या शायद चिन्ता से भी बदतर चीज है, क्योंकि वह मनुष्य के मौलिक गुणों को ही कुंठित बना डालती है।
   (i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
   (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
   (iii) ईर्ष्या चिन्ता से भी बदतर चीज क्यों है?
   (ख) बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके घड़ीभर के साथ से बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है; क्योंकि उतने ही बीच में ऐसी-ऐसी बातें कही जाती हैं जो कानों में न पड़नी चाहिए, चित्त पर ऐसे प्रभाव पड़ते हैं, जिससे उसकी पवित्रता का नाश होता है। बुराई अटल भाव धारण करके बैठती है। बुरी बातें हमारी धारणा में बहुत दिनों तक टिकती हैं।
   (i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
   (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
   (iii) बुराई की प्रकृति कैसी होती है?
4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य सौन्दर्य भी लिखिए : **1 + 4 + 1= 6**

(क) यहीं कहीं पर बिखर गई वह,
भग्न विजय माला-सी।
उसके फूल यहाँ संचित हैं,
है यह स्मृतिशाला-सी।।
सहे वार पर वार अंत तक,
लड़ी वीर बाला-सी।
आहुति-सी गिर चढ़ी चिता पर,
चमक उठी ज्वाला-सी।।

(ख) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने,
सयानी हैं जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें,
समुझाइ कछु मुसकाई चली।।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै,
अवलोकति लोचन-लाहु अली।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै,
बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली।।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी **एक** रचना का नाम लिखिए : **2 + 1= 3**
   (i) जयशंकर प्रसाद (ii) जयप्रकाश भारती
   (iii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी
   (ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय लिखिए तथा उनकी **एक** रचना का नाम लिखिए : **2 + 1= 3**
   (i) सूरदास (ii) महादेवी वर्मा (iii) त्रिलोचन
6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **1 + 3 = 4**

नागरिकः बहुकामं यावत् अचिन्तयत्, परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न अभवत्, अतः ग्रामीणम् अवदत्, अहम्, अस्याः प्रहेलिकायाः उत्तरं न जानामि। इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत् यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणि। अतः म्लानमुखेन नागरिकेण समयानुसारं दशरूप्यकाणि दत्तानि।

***अथवा***

मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत्॥

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ कोई श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

(i) दानेन का वर्धते? (ii) विश्वस्य स्रष्टा कः?

(iii) ज्ञानं कुत्र सम्भवति? (iv) धूमयाने सभ्यः केन जितः?

8. (क) शान्त रस अथवा करुण रस की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

(ख) उपमा अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ग) सोरठा अथवा रोला छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं तीन के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1+1+1=3

(i) सह (ii) प्र (iii) अभि

(iv) अधि (v) अप (vi) सु

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्हीं दो का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1+1=2

(i) पन (ii) त्व (iii) वट

(iv) आई (v) ता

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह कीजिए तथा समास के नाम लिखिए : 1+1=2

(i) त्रिनेत्र (ii) नीलगगन

(iii) नदीनाले (iv) नवरत्न

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1=2

(i) सपना (ii) सात

(iii) नींद (iv) माता

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

½ + ½ + ½ + ½ = 2

(i) जंगल (ii) पत्ता (iii) कमल (iv) नभ

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) मातृ + आकृति (ii) तथा + एव

(iii) इति + आदि (iv) ग्राम + औषधालय

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप पंचमी विभक्ति एकवचन में लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) मति अथवा मधु (ii) युष्मद् अथवा तद् (स्त्रीलिंग)

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन लिखिए :

½ + ½ + ½ + ½ = 2

(i) पचेत (ii) पश्यानि

(iii) पठतम्

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) अब स्वर्ण कहाँ है? (ii) तुम वन जाओ।

(iii) उनका जन्म मथुरा में हुआ था। (iv) यह राम की पुस्तक है।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

(i) मेरा प्रिय समाचार पत्र (ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) स्वच्छ भारत अभियान (iv) कम्प्यूटर शिक्षा

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 3

(क) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर भामाशाह का चरित्र चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का कथासार लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

(ङ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर जरासन्ध वध का वर्णन कीजिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का सारांश लिखिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की दानशीलता का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का सारांश लिखिए।

(ज) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नवम् सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(झ) (i) 'ज्योति जवाहर' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'ज्योति जवाहर' युद्ध के आधार पर कलिंग युद्ध का वर्णन कीजिए।